भारत सरकार

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय

लोक सभा

आतारांकित प्रश्न सं. 2806

बुधवार, दिनांक 05 अगस्त, 2026 को उत्तर दिए जाने हेतु

<u>छत पर सौर संयंत्रों के प्रति राज्यों की प्रतिक्रिया</u>

2806. श्री सुब्बारायण के .:

श्री सेल्वाराज वी .: क्या नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) 'प्रधानमंत्री-सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना' (पीएम-एसजीएमबीवाई) के तहत छत पर सौर संयंत्रों की स्थापना पर राज्यों और परिवारों की प्रतिक्रिया का ब्यौरा क्या है; और

(ख) अब तक पूरी की गई सौर संयंत्र स्थापनाओं की संख्या कितनी है और शामिल किए गए परिवारों, स्थापित क्षमता और जारी की गई सब्सिडी का राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा एवं विद्युत राज्य मंत्री

(श्री श्रीपाद येसो नाईक)

(क) और (ख): पीएम-सूर्य घर: मुफ़्त बिजली योजना (PMSG: MBY) एक मांग-आधारित योजना है जिसके तहत देश भर के वे सभी आवासीय उपभोक्ता, जिनके पास स्थानीय डिस्कॉम (DISCOM) का ग्रिड-कनेक्टेड बिजली कनेक्शन है, वे योजना के राष्ट्रीय पोर्टल (www.pmsuryaghar.gov.in) पर आवेदन करके रूफटॉप सोलर (RTS) सिस्टम लगवाने का लाभ उठा सकते हैं। सभी राज्य और संघ राज्य क्षेत्र (UT) इस योजना में भाग ले रहे हैं।

इस योजना के तहत, फरवरी 2024 में इसके शुभारंभ के बाद से, कुल 76,81,382 आवेदन प्राप्त हुए हैं, 14,653.23 मेगावाट की कुल स्थापित क्षमता वाले 41,19,791 रूफटॉप सोलर (RTS) सिस्टम लगाए गए हैं, जिससे 49,62,050 परिवार लाभान्वित हुए हैं और दिनांक 31.07.2026 की स्थिति के अनुसार केंद्रीय वित्तीय सहायता (CFA) के रूप में 27,855.99 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र के अनुसार विवरण **अनुलग्नक** में दिए गए हैं।

अनुलग्नक

'छत पर सौर संयंत्रों के प्रति राज्यों की प्रतिक्रिया' के संबंध में पूछे गए दिनांक 05.08.2026 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 2806 के भाग (क) एवं (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

देश भर में PMSG: MBY के तहत हुई प्रगति का राज्य और संघ राज्य क्षेत्र वार ब्यौरा (दिनांक 31.07.2026 कि स्थिति के अनुसार)

क्र. सं	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	आवेदन (संख्या)	स्थापनाएं (संख्या)	लाभान्वित परिवार (संख्या)	स्थापित क्षमता मेगावाट में	जारी सब्सिडी (करोड़ रुपये में)
1	गुजरात	1171567	773369	1117773	2897.64	5623.58
2	महाराष्ट्र	1450141	702461	1091035	2576.93	5065.29
3	उत्तर प्रदेश	1170693	715951	723615	2411.90	4728.24
4	केरल	421734	310544	317390	1203.02	2073.80
5	राजस्थान	455535	277861	286975	1075.41	1845.12
6	आंध्र प्रदेश	904508	266417	270932	814.09	1512.61
7	मध्य प्रदेश	224600	158323	163708	592.56	1115.15
8	असम	441052	162688	163269	536.03	1166.59
9	ओडिशा	299481	153684	154776	373.65	719.23
10	हरियाणा	193038	117135	127065	384.96	741.13
11	तमिलनाडु	105040	87039	103004	315.97	583.61
12	उत्तराखंड	142028	97219	97583	350.06	751.44
13	छत्तीसगढ़	193312	84677	87171	303.17	512.52
14	तेलंगाना	86897	55596	71367	204.90	331.81
15	जम्मू और कश्मीर	86287	39415	39568	141.16	299.30
16	कर्नाटक	56257	23185	35683	94.68	165.18
17	बिहार	90328	24774	25416	89.64	163.09
18	पंजाब	26904	17487	17496	78.18	112.62
19	राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली	53987	10748	15729	47.59	72.48
20	हिमाचल प्रदेश	17352	11992	12025	41.11	87.00
21	मेघालय	1008	61	9307	0.19	0.33
22	पुडुचेरी	6532	4873	4950	17.38	31.57
23	गोवा	4567	3386	4627	27.90	22.76
24	त्रिपुरा	7922	4519	4531	15.50	32.79
25	पश्चिम बंगाल	44524	3403	3818	11.37	9.93
26	झारखंड	10376	3331	3561	14.05	21.62
27	लद्दाख	2647	2050	2050	6.78	15.21

28	मणिपुर	3307	1571	1571	6.07	11.48
29	चंडीगढ़	1632	1386	1386	5.71	8.39
30	मिजोरम	1509	1367	1370	5.53	10.64
31	लक्षद्वीप	1394	1199	1199	4.01	9.88
32	दादरा नगर हवेली और दमन द्वीप	3422	1156	1156	3.02	5.58
33	नागालैंड	889	449	449	1.51	2.96
34	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	677	415	435	1.36	2.66
35	सिक्किम	158	59	59	0.19	0.38
36	अरुणाचल प्रदेश	77	1	1	0.00	0.01
	कुल	**76,81,382**	**41,19,791**	**49,62,050**	**14,653.23**	**27,855.99**

*****